


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


## चौंकिए मत... ये शहर की ही सड़कें हैं

# गड्ढों में तब्दील है अपनी रांची

तरुण चौबे। रांची

शहर की प्रमुख सड़कें बेतरतीब तरीके से चीर दी गयी हैं. शहरियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने में जुटी एजेंसी जुडको पाइपलाइन बिछा रही है. ठेका कंपनी ने मेन लाइन का पाइप बिछाने के लिए पहले से चिकनी सड़कें बेतरतीब तरीके से काट दी हैं. मुख्य सड़कों के साथ गली-मुहल्लों की सड़कों की भी जीसीबी से खुदाई की गयी, जिससे आधी सड़क बर्बाद हो गयी. संवेदक ने गड्ढों को भरने के लिए डस्ट भी गिराया, लेकिन ढंग से भराई नहीं हुई. अनगिनत छोटे-बड़े गड्ढे उभर आए. सड़क ऊबड-खाबड़ हो गयी, जिसकी वजह से हर रोज हादसे हो रहे हैं. उधर कोकर से कांटाटोली, बहूबाजार होते हुए पटेल चौक तक फ्लाईओवर बन रहा है. लेकिन आवागमन के लिए जो सर्विस लेन गड्ढों में तब्दील है,. बारिश में तो कीचड़मय हो गयी है, जिसमें गिरकर दुपहिया वाहन चालक तो घायल हो ही रहे हैं, कार चालक भी फंस जा रहे हैं. रह-रह कर सड़क जाम हो रही है. बारिश से सड़कें जार-जार हो गयी हैं. जब मौसम खुला रहता है, तो धूल से राहगीर परेशान होते हैं.



### सरकुलर रोड, पुरुलिया रोड, एचबी रोड जाएं, तो सावधान रहें

जुडको हर घर नल योजना के तहत मेन सप्लाई लाइन के लिए पाइप बिछा रहा है. लालपुर चौक से कोकर चूना भट्ठा तक सड़क खोद गयी है. फिर लालपुर चौक से सरकुलर रोड, निर्मल महतो चौक तक सड़क खोदी गयी है. अच्छी बात ये है कि रात में पाइप लाइन बिछायी जा रही है और सड़क को स्टोन डस्ट से भरा भी जा रहा है. लेकिन यहीं ठेका कंपनी के मजदूर डंडी मार दे रहे हैं. सड़क पर जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे उभर आये हैं. सड़क की जो कटिंग जीसीबी से हुई है, उबड़-खाबड़ हो गयी. आधी सड़क बर्बाद. सड़क के आधे चिकने हिस्से से ही सभी पार करना चाहते हैं. नतीजतन जाम लगता है. ऊबड़-खाबड़ रास्ते में दुपहिया वाहन चालक हर राज गिरते हैं.



**इन सड़कों से गुजरें तो रहें अलर्ट**

### कोकर, कांटाटोली, बहूबाजार सर्विस लेन : कदम-कदम पर गड्ढे

कोकर से कांटाटोली, बहूबाजार, मुंडा चौक, पटेल चौक होते हुए फ्लाईओवर बन रहा है. पिलर खड़े हो चुके हैं, लेकिन सर्विस लेन की हालत बहुत ही खराब है. पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील. छोटे, मंझोंले, बड़े गड्ढे में हिचकोले खाते वाहन पर करते हैं. दुपहिया वाहन चालक हर रोज गिरते हैं. मौसम में बदलाव के कारण सर्विस लेन के गड्ढों में बारिश का पानी भर गया था. दुपहियावाहन चालक जरा से चूके, तो गिरना तय है. हर रोज दर्जनों वाहन चालक गिर कर घायल होते हैं. फ्लाईओवर निर्माण के कारण बहुबाजार से कांटाटोली की ओर जाने वाले रास्ते पर आधा दूर तक एक लेन कर दिया गया है. इससे रास्ता संकरा हो गया है. कांटाटोली चौक से बहुबाजार तक सर्विस लेन में सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे भरे पड़े हैं.





**लालपुर चौक से चूना भट्ठा कोकर तक ऊबड़-खाबड़ गड्ढे**

लालपुर चौक से चूना भट्ठा तक गड्ढा खोदा गया था. गड्ढा भरने के नाम पर डस्ट डाल कर छोड़ दिया. गड्ढों को ठीक से नहीं भरने के कारण सड़क के आधा हिस्सा में उबड़-खाबड़ हो गया है. वाहन चालक हर रोज गिरकर जख्मी हो रहे हैं. सड़क के दोनों किनारे सब्जी बेचनेवालों का कब्जा, ऊबड़-खाबड़ गड्ढे के कारण सुबह से शाम तक हर आधे घंटे पर लगता है जाम. गड्ढे में कोई गाड़ी फंसी, तो लंबा जाम लगता है.

### क्या कहते हैं शहरवासी

**भगवान भरोसे सड़क से गुजरते हैं राहगीर**

लालपुर निवासी मयंक रंजन ने बताया कि बारिश के कारण कोकर-कांटाटोली, बहाबाजार सर्विस लेन कीचड़मय हो गयी है. प्रतिदिन दर्जनों बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे है. सर्विस लेन को ठीक करने की पहल नहीं की जाती है. राहगीर भगवान भरोसे ही इस सड़क से होकर गुजरते हैं.

**जरा सी भी सावधानी हटी, तो दुर्घटना घटी**

कांटाटोली के इमरान ने बताया कि एक साल से फ्लाइओवर का काम चल रहा है. सर्विस लेन तो बनी है, लेकिन कच्ची-पक्की है. कभी कीचड़, तो कभी धूल से परेशानी होती है. हर दिन यहां पर घंटों जाम लगता है. कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है. मजबूरी में लोग सर्विस लेन से होकर आना-जाना करते हैं .गड्ढों के कारण वाहन भी खराब होते हैं. जरा सी भी सावधानी हटी, तो दुर्घटना तय है.

**आप गिरते हैं तो गिरें, किसी को मतलब नहीं**

कोकर निवासी अनुज उरांव ने कहा कि कांटाटोली फ्लाईओवर के सर्विस लेन में गड्ढे भरे पड़े हैं. इन गड्ढों के कारण हमेशा लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं. न तो फ्लाईओवर बनानेवाली एजेंसी सर्विस लेन को दुरुस्त कराती है और न नगर निगम के अफसर. जाम लगता है तो लगे, गड्ढे में फंसते, गिरते हैं, तो गिरें. किसी को कोई मतलब नहीं.

---

**एनटीपीसी अवैध खनन मामला : सरकार को सुपरसीड कर रहे पीसीसीएफ**

# डीएफओ के बचाव में उतरे, पर तर्कों का सबूत नहीं

प्रवीण कुमार। हजारीबाग/रांची


वन विभाग के अफसर अपनी कार्यशैली की वजह से अक्सर विवादों में घिरते रहे हैं. पूर्व पीसीसीएफ एके रस्तोगी बोकारो में सहारा इंडिया की 70 एकड़ जमीन मामले में जांच की जद में हैं. वहीं वर्तमान पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव अपने कनीय अधिकारी हजारीबाग के तत्कालीन डीएफओ आरएन मिश्र को बचाने के चक्कर में गलतियां कर रहे हैं. मामला हाईप्रोफाइल है. एनपीटीसी ने पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना (हजारीबाग) में 100 एकड़ से अधिक वन भूमि में अवैध खनन करा लिया है. दैनिक शुभम संदेश लगातार इस अवैध खनन का पर्दापाश करते हुए अफसरों की कारगुजारियों को सामने ला रहा है. अब पीसीसीएफ बिना किसी सबूत के ही अपने कनीय पदाधिकारी के बचाव में जुट गए हैं.

### डीएफओ ने जांच अधिकारी की अनुशंसा अपनी रिपोर्ट में छुपायी

पीसीसीएफ ने आरोपी डीएफओ आरएन मिश्रा के पक्ष में राज्य सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें अविनाश कुमार परमार और शैलेन्द्र सिंह की जांच रिपोर्ट पर मार्च 2022 को पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी को भेजी गयी विभागीय जांच रिपोर्ट की कंडिका दो में लिखा था कि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा एफसी एक्ट की धारा 3ए एवं 3 बी के तहत कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन आरएन मिश्रा ने इस तथ्य को छुपा दिया था. इस बिंदु को भी जांच केदायरे में नहीं लाया गया.

### पीसीसीएफ का तर्क, पर प्रमाण नहीं

तत्कालीन डीएफओ के पक्ष में मुख्य वन संरक्षक की रिपोर्ट पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) ने अपर मुख्य सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को जो रिपोर्ट भेजी, उसकी कंडिका तीन में कहा कि मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि दुमुहानी नाला का यह स्थल अधिसूचित वन भूमि नहीं है. अत: सीधे-सीधे भारतीय वन एक्ट 1927 के अंतर्गत वनवाद नहीं किया जा सकता. हालांकि मिश्रा ने उक्त स्थल अधिसूचित वन भूमि अंतर्गत है या बाहर है, इसका साक्ष्य नहीं दिया. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि वन एक्ट 1927 के तहत वनवाद नहीं किया जा सकता और उनके द्वारा की गयी कार्रवाई 28.03.2019 के वन संरक्षण एक्ट की नियम के दिशा-निर्देश के तहत हैं. लेकिन साक्ष्य नहीं दिया गया, जिससे यह साबित हो सके कि फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई नहीं हो सकती. पीसीसीएफ ने बिना किसी दस्तावेज के मिश्रा के पक्ष में दलील दी, जो सवालों के घेरे में है.



प्रधान मुख्य संरक्षक की रिपोर्ट

**अवैध खनन पर पर्दा डालने के लिए रिपोर्ट ही बदल दी**

पीसीसीएफ ने आरोपी डीएफओ आरएन मिश्रा के पक्ष में राज्य सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें एक रिपोर्ट को बदल कर दूसरी रिपोर्ट बनाने का कारण वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल हजारीबाग द्वारा आरएन मिश्रा को एनटीपीसी का पक्ष अंकित कर दूसरी रिपोर्ट मांगा जाना बताया गया. लेकिन मुख्य वन संरक्षक (सतर्कता) और पीसीसीएफ ने यह नहीं देखा कि वन संरक्षक ने डीएफओ से प्रयोक्ता अभिकरण का पक्ष अंकित करने को कहा था, न कि कार्रवाई की बिंदु पर अनुशंसा करने को कहा था, जिसका निर्णय भारत सरकार लेती है. इसके अलावा एनटीपीसी के पक्ष के साथ रिपोर्ट मांगी गयी थी, जिसका जिक्र दूसरी रिपोर्ट में नहीं किया गया.

**वन विभाग ने माना, अवैध खनन हुआ, पर दोषी किसी को नहीं माना**

एनटीपीसी की पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना (हजारीबाग) में वन विभाग अवैध खनन की बात तो स्वीकारता है, लेकिन दोषी किसी को नहीं मानता. सुप्रीम कोर्ट में 6 जून 2022 को मेसर्स बालासोर एलॉयज लिमिटेड बनाम ओडिशा राज्य मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस शाह ने अपने आदेश में कहा था कि "फॉरेस्ट क्लीयरेंस का आवेदन लंबित है, तो इसे फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं माना जा सकता. अगर फॉरेस्ट क्लीयरेंस के आदेश के बिना खुदाई की जाती है, तो वह अवैध है. लेकिन वन विभाग खुद को कोर्ट के इस आदेश से भी ऊपर मानता है. तत्कालीन डीएफओ आरएन मिश्रा ने जो रिपोर्ट भेजी थी, उसमें एनटीपीसी को फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों में संशोधन की अनुशंसा कर दी. दुमुहाना नाला (नदी) को नष्ट कर सौ एकड़ में अवैध खनन के दोषियों को बचाने के लिए तत्कालीन डीएफओ मिश्रा ने एनटीपीसी के दिए पक्ष के अनुसार ही रिपोर्ट बदल दी.

---

**150 करोड़ रुपये का इनकम टैक्स भरा**

# कांग्रेस के सांसद धीरज साहू टैक्स भरने में भी हुए नंबर वन

रवि भारती। रांची

कुछ महीने पहले दिसंबर में सुर्खियों में आए झारखंड से राज्यसभा सांसद धीरज साहू इनकम टैक्स भरने में भी नंबर वन बने. उन्होंने 150 करोड़ रुपए इनकम टैक्स के रूप में जमा किए हैं. धीरज साहू उस समय चर्चा में आए थे, जब पिछले साल दिसंबर में आइटी डिपार्टमेंट ने उनके ओडिशा, रांची सहित कई ठिकानों पर रेड किया था. जिसमें 350 करोड़ रुपए से अधिक नकदी और आभूषण भी बरामद किए गए थे. यह मामला पूरे देश में सुर्खियों में बना रहा था. सूत्रों के अनुसार उन्हें शेष राशि में से 50 करोड़ रुपए के बारे में कोई जानकारी नहीं है. इस पर आयकर विभाग पेनाल्टी भी लगा सकता है. हाल ही में धीरज साहू से ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े मामलों में पूछताछ की थी. जिसमें उनसे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से जब्त बीएमडब्ल्यू कार के बारे में पूछताछ हुई थी.

### क्या था यह हाई प्रोफाइल मामला



इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने ओडिशा स्थित बौद्ध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े परिसरों पर छापेमारी के दौरान 351.8 करोड़ कैश जब्त किया था. यह कंपनी उनके परिवार द्वारा चलाई जाती है. सूत्रों के मुताबिक, एक वाट्सएप ग्रुप ईडी की जांच के दायरे में आ गया, जिससे जुड़े कुछ लोगों ने दिल्ली में जब्त बीएमडब्ल्यू के मालिकाना हक को लेकर चर्चा की थी. अब धीरज साहू ने ईडी को बीएमडब्ल्यू कार के बारे में क्या जानकारी दी, यह तो नहीं मालूम. लेकिन सूत्रों की मानें तो धीरज के बयान से ईडी संतुष्ट है.

### क्या कहता है नियम

आयकर के नियमों के अनुसार, अघोषित आय पकड़ी जाने पर भारी टैक्स के साथ-साथ पेनाल्टी का भी प्रावधान है.

**टैक्स स्लैब के हिसाब से 300 फीसदी तक टैक्स और पेनाल्टी लगायी जा सकती है.**

अघोषित संपत्ति के मामले में आयकर विभाग की ओर से अधिकतम 33 फीसदी का टैक्स लगाया जाता है. जिसमें 3 फीसदी सरचार्ज होता है. इसके बाद 200 फीसदी तक पेनाल्टी लगाई जा सकती है.

**नियम के मुताबिक अगर पकड़ी गई संपत्ति चालू वित्त में अर्जित की गई हो, तो फिर उस पर कुल 84 फीसदी टैक्स और पेनाल्टी वसूली जाएगी.**

लेकिन अगर यह काली कमाई बीते वर्षों की है, तो फिर उस पर 99 फीसदी तक टैक्स और पेनल्टी वसूली जा सकती है.

**अभी भी 50 करोड़ का नहीं हो रहा खुलासा**

सूत्रों के मुताबिक, 50 करोड़ रुपये के बारे में सांसद कुछ भी बताने में असमर्थ हैं और उन्हें टैक्स और जुर्माना देना होगा. कांग्रेस सांसद ने कहा है कि कैश बिजनेस टर्नओवर का हिस्सा था. जुलाई में जब रिटर्न फाइल किया जाएगा तो हम देखेंगे.

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| मेडिसिनः | डॉ संजय कुमार सिंह |
| ऑर्थोपेडिकः | डॉ जीके गुप्ता |
| कार्डियोलॉजीः | डॉ पीजी सरकार |
| टीबी एवं चेस्टः | डॉ ब्रजेश मिश्रा |
| नेत्रः | डॉ सुनील कुमार |
| ऑब्स गायनीः | डॉ किरण त्रिवेदी |
| ईएनटीः | डॉ आरके चौधरी |
| सीटीवीएसः | डॉ विनीत महाजन |
| नेफ्रोलॉजीः | डॉ प्रज्ञा घोष पंत |
| सायकेट्रीः | डॉ अजय बाखला |
| न्यूरोलॉजीः | डॉ सुरेंद्र कुमार-डॉ रूपेश प्रसाद |

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ लक्ष्मीकांता सोय
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ रानी सिंह
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग)ः डॉ दयानंद
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ शैलेंद्र शुक्ला

## ब्रीफ खबरें

### एचईसी में विफल रही कर्मियों की विशेष वार्ता

**रांची।** एचईसी में अफसर-कर्मी आंदोलन के एक महीना बीत चुका है. गुरुवार को एचईसी बचाओ समिति और प्रबंधन के बीच विशेष वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला. मजदूरों ने कहा कि बिना चेयरमैन के आए वार्ता का परिणाम नहीं निकल सकता है. जिन मांगों पर एचईसी का आलाकमान राजी है, उसपर प्रबंधन को एप्रुवल के साथ वार्ता में आना होगा. शुक्रवार को टेंडर ठेकेदार के साथ प्रबंधन की बात होगी. बता दें निगम मुख्यालय के सामने कर्मचारी रोजाना धरना प्रदर्शन कर अपने बकाया वेतन और ठेका श्रमिकों का कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूअल करने की बात कह रहे हैं.

### कैबिनेट में कांग्रेस के नये चेहरों को मिले मौका

**रांची।** कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को रिप्लेस करने की मांग को लेकर पार्टी के कई विधायकों ने प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर से गुरुवार की देर शाम मुलाकात की. कांग्रेस प्रभारी के पास नए चेहरों की मांग को लेकर जानेवालों में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह शामिल थे.

### संयुक्त किसान मोर्चा का भारत बंद आज

**रांची।** संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन की ओर से शुक्रवार को भारत बंद का आह्वान किया गया है. इसको लेकर झारखंड सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने बयान जारी कर 16 फरवरी भारत बंद का समर्थन किया है. महासंघ की ओर से 16 फरवरी 2024 की बंदी का पूर्ण समर्थन करते हुए अपना ऑटो ई रिक्शा एवं प्राइवेट बसों टन में परिचालन करने वाले सभी चालक भाइयों से अनुरोध है कि अपना परिचालन भी बंद रखें और बंदी को सफल बनाने की अपील की है.

### जदयू कार्यकारिणी की बैठक आज

**रांची।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने बताया कि जदयू प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 16 फरवरी को पुरानी विधानसभा स्थित विधायक क्लब सभागार में दिन के 11 बजे से होगी. बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सह जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो करेंगे. बैठक में सभी जिला, नगर अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे. बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव एवं संगठन पर चर्चा की जाएगी. यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी.

## चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, काला धन सफेद करने का सपना चकनाचूर

# कांग्रेस ने मनाया जश्न, निकाला जुलूस, पीएम मोदी का पुतला फूंका

**विशेष संवाददाता। रांची**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड को लेकर दिये गये फैसले पर कांग्रेस ने गुरुवार को जश्न मनाया. मोदी सरकार का पुतला फूंका. इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉन्ड पर दिया गया फैसला मोदी के चिर परिचित सपनों पर हथौड़ा बनकर पड़ा है. जिससे कॉरपोरेट घरानों के काले धन को सफेद करने के मोदी के सपने चकनाचूर हो गए हैं. इस ऐतिहासिक फैसले का हम स्वागत करते हैं.

इस अवसर पर केशव महतो कमलेश, प्रदीप तुलस्यान, विधायक राजेश कच्छप, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मानस सिन्हा, संजय पांडेय, विनय सिन्हा दीपू, सतीश पॉल मुंजनी, ब्रजभूषण पाण्डेय, कमल ठाकुर, सोनाल शांति, डॉ. राकेश किरण महतो, डॉ. कुमार राजा, संजय सिंह, खुर्शीद हसन रूमी, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, ऋषिकेश सिंह, अमरेन्द्र सिंह, अभिलाष साहु, राजेश सिन्हा सन्नी, नेली नाथन, सुनील सिंह, अख्तर अली, प्रेम कुमार, उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, छोटू सिंह, नीतू देवी, सुन्दरी तिर्की, भानू प्रताप बड़ाईक, अर्चना मिश्रा, रामदेव सिंह, रमन सिंह, राजीव नारायण प्रसाद, गुलाम रब्बानी, शहीद अंसारी, जगरनाथ शाहु, मदन महतो, किशोरी लकड़ा, प्रभात कुमार सहित सैकड़ों कांग्रेसजन शामिल थे.



### जुलूस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में निकाला गया

कांग्रेस भवन से एक जुलूस प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में निकला. जो अलबर्ट एक्का चौक पहुंचा. जहां पर पीएम मोदी का पुतला दहन किया गया. मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा, मोदी सरकार की काला धन रूपांतरण योजना यानी चुनावी बॉन्ड को देश में वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था. उस पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने पानी फेर दिया. 2017 में जब इसे विधेयक के रूप में पेश किया गया, तबसे कांग्रेस इसके अलोकतांत्रिक स्वरूप की निंदा कर रही थी और देश के लिए इसे हानिकारक और मोदी सरकार द्वारा काले धन को चंदे के रूप में प्राप्त करने का एक हथियार मान रही थी. कांग्रेस ने इससे जनता को अवगत कराते हुए संसद के भीतर और बाहर सड़कों पर पूरी क्षमता से लड़ाई जारी रखी. इस विधेयक से लोकतांत्रिक ढांचे के स्वरूप में बदलाव की प्रारंभिक कोशिश की गई, परंतु सात वर्षों के संघर्ष के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले से संघीय व्यवस्था को ध्वस्त होने से बचा लिया. भ्रष्टाचार की सीमा को पार कर इस बॉन्ड के जरिए भाजपा ने कितना चंदा कॉरपोरेट कंपनियों से प्राप्त किया, उसे जनता को जानने का हक है और देर सवेर इसका खुलासा अवश्य होगा. ठाकुर ने कहा कि इस बांड का फायदा उठाकर कानूनन दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचारी मोदी सरकार ने अपने मित्र कॉरपोरेट घरानों से अरबों रुपये काला धन चंदा के रूप में प्राप्त किया होगा. इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे.

## इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक करार देने पर राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया

# कांग्रेस, वाममोर्चा ने की सराहना

**संवाददाता। रांची**

इलेक्टोरल बॉण्ड योजना पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के पक्ष में राजनीतिक दलों की व्यापक प्रतिक्रिया हुई है. कांग्रेस, भाकपा माले, सीपीआई तथा सीपीआईएम ने उक्त निर्णय को स्वागत किया है. भाकपा-माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि राजनीतिक पार्टियों को कौन एवं कितना चन्दा दे रहा है यह जानने का भारत के मतदाताओं को पूरा अधिकार है. इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिये देशी और विदेशी व्यक्तियों एवं कम्पनियों के लिए गुप्त रूप से राजनीतिक दलों को असीमित मात्रा में चन्दा देने का प्रावधान बनाया गया था. यह क्रोनीवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ाने वाली लोकतंत्र के लिए बेहद घातक कार्रवाई थी.

सीपीआई के राज्य कार्यकारणी सदस्य सह जिला सचिव अजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इलेक्ट्रोल बॉन्ड के जरिए भाजपा देश के काले धन को वैध बनाने का कार्य कर रही थी. साथ ही साथ आमलोगों को ठगने का कार्य कर रही थी, बड़े बड़े पूंजीपतियों को आईटी और ईडी का भय दिखाकर धन अर्जन करने का कार्य कर रही है.आम लोगों को आपके पैसे के बारे में जानकारी होना चाहिए के किसके पैसे के बल पर आप राजनीति कर रहे है. किन किन पूंजीपतियों को आपके द्वारा लाभ पहुंचाया गया है और टैक्स से छूट मिला है.

सीपीआईएम के केंद्रीय कमेटी सदस्य प्रकाश विप्लव ने कहा है कि इस फैसले ने, अज्ञात कॉर्पोरेट दाताओं द्वारा सत्ताधारी पार्टी का खजाना भरने के लिए बनाई गई इस योजना को पूरी तरह से खारिज कर दिया है. पार्टी ने खुद शुरुआत में घोषित किया था कि पार्टी चुनावी बांड स्वीकार नहीं करेगी क्योंकि यह योजना भ्रष्टाचार को वैध बनाती है. यह अब आवश्यक है कि पारदर्शिता, पैसे और चुनाव में बराबरी का मैदान सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक और चुनावी अनुदान के लिए जनवादी सुधारों को सामने लाया जाए. कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिंहा ने कहा कि चुनावी बॉण्ड प्रणाली को वर्ष 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से पेश किया गया था. इसे वर्ष 2018 में लागू किया गया. वे दाता की गुमनामी बनाए रखते हुए पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं हेतु एक साधन के रूप राजनीतिक दल इस्तेमाल करते थे. जिसे सुप्रीम कोर्ट ने आपने फैसले में चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार दिया है. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है, जिससे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर असर पड़ता है. सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है. भाजपा को बताना चाहिए चुनाव बांड के नाम पर कितने कॉर्पोरेट से चंदा लिया है और उसे क्या लाभ पहुचाया है.

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बॉंड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए गुरुवार को कहा कि चुनावी लोकतंत्र के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वोट देने की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रभाव नहीं पड़े. कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मान्यताओं की अभिव्यक्ति की गारंटी है और राजनीतिक राय का निर्माण राजनीतिक अभिव्यक्ति का पहला चरण है. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा कि राजनीतिक संबद्धता की गोपनीयता के अभाव में राजनीतिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का स्वतंत्र रूप से प्रयोग नहीं किया जा सकता है.

## आयकर विभाग के नये प्रावधान 43बी (एच) को लेकर चैंबर भवन में परिचर्चा

# नया प्रावधान बेहद उपयोगी, व्यापारी स्वीकार करें : महेश पोद्दार

**संवाददाता। रांची**



आयकर विभाग के नये प्रावधान 43बी (एच) से व्यापारियों के बीच बनी भ्रांतियों के समाधान को लेकर गुरुवार को चैंबर भवन में परिचर्चा का आयोजन किया गया. परिचर्चा में व्यापारी वर्ग, उद्यमियों ने एमएसएमई की धारा 43बी(एच) के प्रावधानों को लेकर अपनी शंकाएं, जिज्ञासा एवं सुझाव रखे, जिसका पैनलिस्ट के तौर पर उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट सीए जेपी शर्मा, रंजीत गाडोदिया, सीए दीपक गाडोदिया और सीए नवीन डोकानिया द्वारा जानकारी दी गई. यह कहा गया कि माइक्रो एवं स्मॉल इंडस्ट्रीज के हितों को ध्यान में रखकर भारत सरकार के द्वारा यह प्रावधान लाया गया है, जिससे उन्हें भुगतान में राहत मिल सके. सीए रंजीत गाडोदिया ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि एमएसएमई यूनिट से खरीदारी करनेवाले खरीदार को 45 दिनों के भीतर भुगतान करना होगा. ऐसा नहीं होने की स्थिति में उस भुगतान राशि को आय माना जायेगा, जिसपर सरकार को आयकर लगेगा. कहा गया कि जो सप्लाई मैनुफैक्चरर और सर्विस प्रोवाइडर द्वारा की गई हो जो कि एसएमई में निबंधित हैं, उन्हें 45 दिन के अंदर भुगतान करना अनिवार्य होगा और जो सप्लाई व्यवसायी के द्वारा की जाती है, जो मैनुफैक्चरर और सर्विस प्रोवाइडर नहीं हैं और जिनका एमएसएमई में निबंधन व्यवसायी के तौर पर हुआ है उनके भुगतान पर यह नियम लागू नहीं होता.

परिचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सांसद (राज्यसभा) महेश पोद्दार ने कहा कि जीएसटी की तरह व्यापारी वर्ग इस एक्ट को भी स्वीकार करें. यह प्रावधान एसएसआई यूनिट के लिए बेहद उपयोगी है. स्मॉल स्केल इंडस्ट्री के रूग्ण होने का प्रमुख कारण लिक्विडिटी क्राइसिस का लंबे समय तक बने रहना है. एक छोटा ट्रेडर और मैनुफैक्चरर दोनों की चुनौतियां एक समान हैं. इस प्रावधान को कुछ समय के लिए डिफर करने के विचार पर उन्होंने असहमति जताते हुए कहा कि जीएसटी के प्रभावी होने के शुरुआती दिनों में गलतियों को क्षम्य माना गया था. चैंबर ऑफ कॉमर्स का दायित्व है कि वह आनेवाली कठिनाइयों में संशोधन पर अपने सुझाव सरकार तक पहुंचाये.

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने संयुक्त रूप से व्यापारियों के बीच बनी हुई भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की. परिचर्चा के अंत में सभी अतिथियों को शॉल व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया. परिचर्चा में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी, राम बांगड, साहित्य पवन, विमल फोगला, प्रवीण लोहिया, सुनील सरावगी, नवीन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, कुणाल अजमानी, धीरज तनेजा, सदस्य दीपक गदयान, साकेत मोदी, मनोज मिश्रा, एससी जैन, रमेश साहू, संदीप छापडिया, कुणाल विजयवर्गीय, अंकिता वर्मा, माला कुजूर, मदन प्रसाद साहू, आस्था किरण, रोहित कुमार, ओमप्रकाश छापडिया, विक्रम खेतावत, श्रवण राजगढिया, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी समेत सैकडों व्यापारी उपस्थित थे.

# बारिश के बाद कोहरे के आगोश में पूरा झारखंड, पारा भी गिरेगा

**संवाददाता। रांची**

तीन दिनों की बारिश के बाद शुक्रवार से झारखंड में मौसम साफ रहेगा. मौसम विभाग के अनुसार, 16 फरवरी से आसमान साफ रहेगा. सुबह में राजधानी रांची समेत राज्य के उत्तरी-पश्चिमी, मध्य और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रहने की संभावना है. वहीं बादल छंटने के बाद राज्य के न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है. इसके बाद अगले 2 दिनों में इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है. पिछले 24 घंटों में राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. वहीं रांची जिले में कहीं- कहीं ओलावृष्टि भी दर्ज की गई. सबसे अधिक वर्षा 35.0 एमएम रांची में दर्ज की गई. सबसे अधिक तापमान 31.0 डिग्री चाईबासा का रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस रांची में दर्ज किया गया. गुरुवार को राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई.

### जानिए विभिन्न शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 | 13.7 |
| जमशेदपुर | 29.5 | 17.4 |
| डालटनगंज | 27.4 | 16.7 |
| बोकारो थर्मल | 26.1 | 16.5 |
| चाईबासा | 31.0 | 15.4 |
| देवघर | 23.3 | 16.7 |
| गिरिडीह | 23.3 | 15.8 |
| गढ़वा | 25.0 | 16.6 |
| लोहरदगा | 24.5 | 13.8 |
| गोड्डा | 25.0 | 16.1 |

# आजसू का काम केवल छात्रों के साथ राजनीति करनाः रोहित

**संवाददाता। रांची**



झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रोहित पांडेय ने आजसू पर सवाल उठाया है. उन्होंने बयान जारी करते हुए आजसू पर कई आरोप भी लगाए है. उन्होने कहा है कि आजसू पार्टी ने पिछली सरकार में रहकर भाजपा सरकार के साथ केवल छात्र और युवाओं को ठगा है. अभी जब गठबंधन की सरकार बहाली निकाल रही है और पूर्व हुई बहाली क्लियर करवा रही है तो आजसू और भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है. आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष अगर छात्र छात्राओं के इतना ही हितैषी है तो बताएं कि पिछली सरकार ने कितनी वैकेंसियां निकाली हैं और कितनों को नौकरी दी है. वहीं उन्होंने जेएसएससी पेपर लीक मामले पर कहा कि हमारी सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआईटी गठित कर जांच की करवाई शुरू कर दी. लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं और कुछ न कुछ नए सुराग मिल रहे हैं. आजसू भाजपा के लोग सब्र करें बहुत जल्द बहुत कुछ और नए नए नाम भी सामने आएंगे और कई खुलासे होंगे. आखिरकार आजसू क्यों चाहती है की सीबीआई जांच हो, यह अपने आप में जांच का विषय है. जिस तरह आजसू सीबीआई जांच की मांग कर रही है, उससे लगता है कि आजसू के अपने लोग हैं और वह दोषियों को बचाना चाह रही है. सीबीआई केंद्र सरकार की एजेंसी है और बीजेपी की जहां जहां सरकार है, वहां वहां भी पेपर लीक हुआ है और अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है.





गुरुवार को मां सरस्वती को विदाई दी गयी. युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ विद्या की देवी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया. और मां से बल-बुद्धि-विद्या का आशीर्वाद मांगा.
फोटो : रमीज

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट के लिए आज से टिकटों की बिक्री

**संवाददाता। रांची**

जेएससीए स्टेडियम में 23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट खेला जाएगा. जिसके लिए ऑनलाइन टिकटों की बिक्री शुक्रवार से शुरू हो रही है. खेल प्रशंसक दोपहर 12 बजे से पेटीएम ऐप और Insider.in पर टिकट ले सकते हैं. जबकि टिकटों की ऑफलाइन बिक्री 20 से शुरू होगी. ऑनलाइन खरीदे गए टिकट 20 को सुबह 9:30 बजे से स्टेडियम के पश्चिमी गेट पर जाकर भौतिक रूप में लेना होगा. एक व्यक्ति 6 टिकट खरीद सकता है और काउंटर से टिकट लेते समय व्यक्ति का पहचान पत्र जरूरी है. वहीं ऑफलाइन टिकट पश्चिमी गेट पर बने टिकट काउंटर पर 20 से 22 तक सुबह 9.30 से 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक उपलब्ध होंगे. जिसमें चार काउंटर चालू होंगे. 23 से 27 फरवरी तक मैच के दौरान भी प्रशंसक टिकट ले सकते हैं. टिकटों की खरीद के एक काउंटर चालू होगा.

### टिकटों की कीमत

- ए विंग लोअर : 400 रुपये प्रतिदिन
- ए विंग लोअर टियर : 400 रुपये प्रतिदिन
- बी विंग : 500 रुपये प्रतिदिन
- सी विंग लोअर टियर : 400 रुपये प्रतिदिन
- डी विंग लोअर टियर : 400 रुपये प्रतिदिन
- अमिताभ चौधरी पवेलियन : 700 रुपये प्रतिदिन
- प्रेसिडेंट एंक्लोजर : 2000 रुपये प्रतिदिन
- हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक : 1500 रुपये प्रतिदिन
- कॉरपोरेट लाउंज : 1200 रुपये प्रतिदिन.
- एमएस धौनी पवेलियन लक्जरी : 2500 रुपये प्रतिदिन हॉस्पिटैलिटी के साथ

**मेल-मिलाप**

## झामुमो, राजद, कांग्रेस छोड़ सैंकड़ों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया स्वागत

# लालटेन छोड़ घूरन राम ने समर्थकों के साथ थामा कमल का दामन

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में राजद के नेता और पूर्व एमपी घुरन राम ने गुरुवार को राजद छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घुरन राम,माधवचंद्र महतो, ब्रजेंद्र हेंब्रम,राजेंद्र मुंडा व उनके समर्थकों का स्वागत किया.

**इन्होंने ली सदस्यताः** विनोद चंद्रवंशी, उमेश सिंह,मनदीप राम, उमेश सिंह, विजय मेहता, सुरेश कुमार, मुकेश गौड़, सन्नी चंद्रवंशी, बृज बिहारी , विनोद चंद्रवंशी, बिरसा, सुखराम मुंडा, मदन, हेमन्त केसरी, जागरण उरांव दिलीप ठाकुर और मदन प्रामाणिक आदि शामिल हैं.



### जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पितः बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2024में देश की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित है. हमें जन जन के बीच में जाकर पीएम मोदी के संदेश को पहुंचाना है. प्रधानमंत्री ने जो 400 पार का लक्ष्य दिया है, उसे पूरा करना है. मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित पिछड़े सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है. जनधन खाता, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास,आयुष्मान योजना, प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज, उज्ज्वला गैस योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंची हैं.

### भ्रष्टाचार पर हो रहा कड़ा प्रहार

बाबूलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार हो रहा. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके किए का परिमाण भुगतना पड़ रहा है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अगर लीक नही बदली, तो उन्हे भी ऐसे ही परिणाम के लिए तैयार रहना पड़ेगा. हेमंत सोरेन ने झारखंड के खान,खनिज , बालू, पत्थर सब को लूटा. बिचौलिए, दलाल को खुली छूट दी. जब इससे भी पेट नही भरा तो गरीब युवा बेरोजगारों की नौकरी बेंच दी. दलाल, बिचौलिए के व्हाट्स ऐप चैट ने पूरा इतिहास भूगोल बता दिया है. भ्रष्टाचार ,लूट और झूठ के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने के लिए सबको आमंत्रण है.

### भाजपा कोई परिवार की पार्टी नहीः रवींद्र राय

ज्वाइनिंग कमिटी के प्रदेश संयोजक डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा कोई परिवार की पार्टी नहीं. बल्कि सभी समाज,वर्ग की पार्टी है. भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि समाज का परिवर्तन भी है. भाजपा सर्व व्यापी सर्व समावेशी सोच के साथ अंत्योदय का लक्ष्य पूरा कर रही. घूरन राम ने पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा ही आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी समाज का सम्मान करती है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आज तेजी से विकास कर रहा.

# भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा ने दिया धरना

**संवाददाता। रांची**

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा ने एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग के समक्ष गुरुवार को धरना दिया, जिसका नेतृत्व मोर्चा के अध्यक्ष अजीत उरांव ने किया. सुबोधकांत सहाय भी समर्थन में पहुंचे. उन्होंने कहा कि विस्थापितों की मांगें जायज हैं. उन्हें हटाने से पहले पुनर्वास के साथ भूमि अधिग्रहण के एवज में पर्याप्त मुआवजे का भुगतान होना चाहिए. इस दिशा में मोदी सरकार हमेशा लापरवाही बरतती रही. उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गोलबंद हो रहे हैं, जिसका खामियाजा केंद्र को भुगतना पड़ सकता है. केंद्र सरकार यथाशीघ्र विस्थापितों की मांगें मान ले, अन्यथा व्यापक जनांदोलन होगा. कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि एयरपोर्ट अथॉरिटी और भारतीय सेना द्वारा अधिग्रहीत जमीन का उचित मुआवजा यथाशीघ्र केंद्र सरकार दिलाए.

विस्थापितों को उनकी भूमि से बेदखल करने के पूर्व ग्रामीणों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए, अन्यथा केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा कभी भी उग्र आंदोलन का रूप ले सकता है.धरना को एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष अजीत उरांव व पूर्व पार्षद सुधीर गोप ने भी संबोधित किया. मौके पर काफी संख्या में एयरपोर्ट के आसपास के ग्रामीण महिला और पुरुष मौजूद थे।

**सीबीएसई :** पहले दिन वोकेशनल विषयों की हुई परीक्षा, सभी प्रश्न सिलेबस से पूछे गये थे, बेहतर अंक प्राप्त होने का भरोसा

# 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू, पेपर अच्छा होने के बाद छात्रों के खिले चेहरे

पियूष गौतम। रांची

**खास बातें**

- 10वीं के 71,500 व 12वीं के 40,500 विद्यार्थी हुए शामिल
- औसत दर्जे के थे वोकेशनल परीक्षा में पूछे गये सवाल

सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई. परीक्षा खत्म होने के बाद अलग-अलग परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले परीक्षार्थी काफी खुश नजर आए. हालांकि पहले दिन वोकेशनल विषयों की ही परीक्षा आयोजित हुई. 12वीं बोर्ड के लिए एंटरप्रेन्योरशिप विषय जबकि 10वीं के लिए पेंटिंग आदि विषयों का परीक्षा हुआ. एग्जाम देकर परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले छात्रों ने बताया कि पेपर आसान था. सभी प्रश्न सिलेबस से ही पूछे गए थे. 12वीं कक्षा के निखिल नाम के छात्र ने बताया कि परीक्षा के प्रश्न औसत दर्जे के पूछे गए थे. जिसने भी ध्यानपूर्वक पढ़ाई की है निश्चित ही उसके अंक बेहतर आएंगे. वहीं 12वीं के एक अन्य छात्र आलोक ने बताया कि 10 प्रतिशत सवालों को छोड़ कर सभी प्रश्न औसत थे. बता दें कि रांची जोन में शामिल 6 जिले रांची, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार, खूंटी व गुमला में कुल मिलाकर 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. केवल रांची में ही सर्वाधिक 23 परीक्षा केंद्र बने हैं. इस बार पूरे राज्य से लगभग एक लाख 12 हजार स्टूडेंट्स परीक्षा दे रहे हैं. जिसमें 10वीं के 71,500 छात्र जबकि 12वीं के 40,500 विद्यार्थी शामिल हैं. वहीं रांची से 10वीं बोर्ड के 13 हजार जबकि 12वीं बोर्ड से करीब 10 हजार अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं.







## ब्रीफ खबरें

### कलीसिया के लिए चालीसा काल रुकने का समय

**रांची।** चालीसा काल प्रभु यीशु के दुखभोग, मृत्यु और पुनरुत्थान को याद करने का समय है. परमेश्वर का पुत्र होने पर भी वे इस धरती पर मनुष्यों के बीच आए और भलाई के कार्य किए. विश्वासी कलीसिया के लिए यह चालीसा काल रुकने का समय है. दौड़ भाग वाले जीवन में अपने काम से रुकना है, ताकि अपने घर परिवारवालों को समय दें. पहली शिक्षा चालीसा काल में प्रार्थना करे प्रभु यीशु से बाइबल वचन के द्वारा करीब आए. अपने सभी कामों से समय निकाल कर बाइबल वचन का अध्ययन कर मनन करें. अपने काम से विराम लेकर अपने परिजनों के लिए रुकें.

### डीपीएस के श्रेयम और अशहद हुए क्वालीफाई

**रांची ।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र श्रेयम झा और अशहद हुसैन ने 55वीं नेशनल मैथमेटिक्स टैलेंट कम्पटीशन 2023 में क्वालीफाई किया है. उल्लेखनीय है कि झारखंड राज्य से केवल दो छात्रों ने यह योग्यता हासिल की है और दोनों डीपीएस रांची के विद्यार्थी हैं. इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने श्रेयम झा और अशहद हुसैन को बधाई दी. राष्ट्रीय मंच पर स्कूल के प्रतिनिधित्व पर गर्व व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने दोनों छात्रों के समर्पण, कड़ी मेहनत और बौद्धिक कौशल की सराहना की.

### रिम्स के नवनियुक्त निदेशक का स्वागत

**रांची।** रिम्स के नव नियुक्त निदेशक डॉ. राजकुमार से रिम्स अराजपत्रित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सिस्टर आईवी रानी खलखो, संगठन महासचिव सह सदस्य, शशि परिषद रिम्स रांची सुशांत कुमार साहु, ऑल इंडिया एसटी, एससी एवं ओबीसी के लाइजनिंग कमेटी के अध्यक्ष प्रेमलता माइकल, मंजु डंगु डंगू, संयुक्त सचिव अमित कुमार , सचिव प्रोमिला भेंगरा, सिस्टर मरियम आदि ने गुरुवार को पुष्प-गुच्छ देकर औपचारिक मुलाकात की एवं उनका स्वागत किया. नव नियुक्त निदेशक, रिम्स ने भी संघ से मिलजुल कर काम करने का आश्वासन दिया.

### आदिवासी लोहरा समाज का हुआ विस्तारीकरण

**रांची ।** रांची के अरगोड़ा स्थित मधु तिर्की के आवास में सामाजिक संगठन आदिवासी लोहरा समाज अरगोड़ा अंचल का हुआ विस्तारीकरण. इसमें मुख्य संरक्षक मधु तिर्की, मुन्ना तिर्की, राजन लोहरा को अध्यक्ष साथ में उपाध्यक्ष, दीपक तिर्की, काजल तिर्की, कैलाश लोहरा सचिव, चंदन तिर्की कोषाध्यक्ष, चंद्रावती तिर्की को बनाया गया है. रामशरण तिर्की ने कहा केंद्र समिति की अगुवाई में जल्द झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात कर स्थाई समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा.

वसंत पंचमी को लेकर दूसरे दिन भी गुलजार रही राजधानी

# विसर्जन शोभायात्रा के साथ विदा हुईं मां शारदे




संवाददाता। रांची

राजधानी गुरुवार को मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा से गुलजार रही. स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों सहित कई पूजा पंडालों में विराजमान मां की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा के साथ किया गया. गुरुवार होने के कारण ज्यादातर पूजा समितियों ने दूसरे दिन मां को विदा करने का निर्णय लिया है. इस कारण शुक्रवार को भी शहर में विसर्जन शोभायात्रा की धूम रहेगी.

वैसे तो शहर के कई इलाकों में विराजमान मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा निकाल कर किया गया, लेकिन रांची विश्वविद्यालय छात्रावास से निकली यात्रा की बात कुछ और रही. छात्रवास संख्या यूजी एक, पीजी दो और यूजीसी तीन से दिन के तीन बजे झूम कर शोभायात्रा निकली तो वातावरण जयकारों से गूंज उठा. रंग-गुलाल उड़ा डीजे की धुन पर नाचते-झूमते छात्र-छात्रओं की टोली के क्या कहने. यात्रा जिधर से गुजरती राहगीर बरबस ही ठिठक जाते. वाहन में विराजमान मां की आभा बिखेरती प्रतिमा को नमन कर भक्ति आनंद के महासागर में गोता लगाते विद्यार्थियों एकटक निहारते फिर बढ़ जाते. देर शाम तक यह नजारा आम रहा. यात्रा में शामिल श्रद्धालु रेडियम रोड, कचहरी चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक से धूम कर लाइन टैंक तालाब पहुंचे. यहां मां की आरती उताने के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया. अध्यक्ष रोहित नाग, डॉ सुबास साहू,उपेंद्र शंखवार, सुनील महतो, विशाल शर्मा कृष्ण महतो, विनोद सिंह, विवेक पाठक, रोहित नाग, जदुलाल चौधरी, मनीष महतो, विक्कु कुमार, शकलदीप कुमार, पंकज साहू, नवल साहू, विकास कुमार ,सौरव कुमार , प्रीतम कुमार आदि ने इसके आयोजन में मुख्य योगदान दिया.



### दर्शन को पहुंचे रांची विश्वविद्यालय के कुलपति

रांची विश्वविद्यालय छात्रावास संख्या यूजी एक,पीजी दो और यूजीसी तीन में बुधवार को मां के दर्शन को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ प्रति कुलपति डॉ. अजित कुमार सिन्हा और आजसू प्रमुख पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो भी पहुंचे. डॉ अजित कुमार ने छात्रों को सरस्वती पूजा की बधाई देते हुए पुरानी यादें ताजा कीं. कहा कि कॉलेज के दिनों में वे भी हॉस्टल नंबर दो के कमरा नंबर 32 में रहते थे. मां शारदे की कृपा और कड़ी मेहनत से आज इस मुकाम पर हैं. मेरी शुभकामना है कि पढ़ाई पूरी कर आज सब भी जीवन में बेहतर मुकाम हासिल करें. सुदेश महतो ने भी सभी को शुभकामना देते हुए अपने छात्र जीवन को याद कर भावुक हुए. बाद में वे 38 नंबर कमरा आये. छात्र जीवन यहीं रह कर उन्होंने बिताया था.

**उतारी मां की आरती**

मां सरस्वती पूजा पंडालों में गुरुवार को भी रौनक रही. सुबह पूजन-आरती तो की ही गयी, सांझ ढलते विद्यार्थियों ने मां की सामूहिक आरती उतारी. विद्या दायिनी से बुद्धि और ज्ञान का वर मांगा. कई पूजा पंडालों में भक्ति गीत-नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये. दिनभर दर्शन-पूजन को पूजा पंडालों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा. आयोजकों की ओर से बुंदिया, फल आदि प्रसाद रूप में बांटा गया.

### हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान कल से

रांची । नवनिर्मित हनुमान मंदिर, बीआटी गेट रुदिया, मेसरा का सात दिनी प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत शनिवार को कलश यात्रा से होगी.महायज्ञ की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. सुबह नौ बजे यात्रा निकाली जायेगी. दूसरे दिन रविवार को पंचांग पूजन और मंडप प्रवेश आदि अनुष्ठान होंगे. 19 फरवरी को वेदी पूजन और जलाधिवास, चौथे दिन मंगलवार को अरणी मंथन, पांचवे दिन अन्नाधिवास, प्रव्याधिवास और पुष्पाधिवास, छठे दिन 22 फरवरी को नगर भ्रमण और मूर्ति स्थापना की जाएगी. अंतिम दिन शुक्रवार को पूर्णाहुति और भंडारा के साथ अनुष्ठान संपन्न हो जायेगा. अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने बताया कि समस्त अनुष्ठान सहयोगी विद्वानों संग पंडित ललन और बनारस से आये राकेश पांडे संपन्न करायेंगे. महायज्ञ के दौरान वृंदावन धाम से आये कथावाचक शंभुनाथ योगी महाराज उपस्थित श्रद्धालुओं को रामकथा सुनायेंगे. उन्होंने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की आकर्षक मूर्ति के साथ शिव परिवार, राम दरबार सहित अन्य देवी-देवताओं के दर्शन होंगे.

## डीएवी आलोक में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- 11 वीं कक्षा के छात्रों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम
- छात्रों ने ली स्कूल में अनुशासन बनाये रखने की शपथ

डीएवी आलोक में 12 वीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. जिसे देखकर वहां मौजूद सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए. इस मौके पर छात्रों ने अनुशासन बनाए रखने एवं विद्यालय के क्रियाकलापों को सुचारू ढंग से चलाने में सहयोग देने की शपथ ली. प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा प्रदत्त शिक्षा तभी सार्थक होगी जब आप देश व समाज के प्रति कर्तव्यशील होंगे. मात्र ऊंची डिग्री लेना अथवा अच्छे अंक पाना ही छात्रों का ध्येय नही होना चाहिए अपितु राष्ट के विकास में आपकी भूमिका सराहनीय हो तभी शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण होगा.

## शहरी आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- शहरी गरीबी के कारण समझ कर योजना बनाने पर जोर
- महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श

शहरी आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को रांची के होटल बीएनआर चाण्क्या में किया गया. कार्यशाला के पहले दिन गरीबी के बहुआयामी कारण और उसके निदान पर चर्चा की गयी. चर्चा के माध्यम से प्रयास किया गया कि शहरी गरीबी के विभिन्न कारणों को समझ कर इसके परिणाम व निदान को समझते हुए बेहतर योजना बनायी जाए, ताकि शहरी गरीबों के जीवन स्तर में व्यापक बदलाव सुनिश्चित हो सके. इसके साथ महिला सशक्कतीरण को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया. शालिनी पांडेय ने एनयूएलएम पीएम स्वनिधि के योगदान की सराहना की और आने वाले समय में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि इसाबेल टिशान ने महिलाओं की स्थिति व उनके योगदान पर चर्चा की. उन्होंने शहरी महिलाओं की वर्तमान स्थिति, उन्हें कैसे सशक्त बनाया जाए तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के संबंध में गहन चर्चा करने की जरूरत बतायी.

इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की निदेशक शालिनी पांडेय, यूएनडीपी, भारत के प्रतिनिधि इसाबेल टिशान, नगरीय प्रशासन नगर विकास एवं आवास विभाग के निदेशक आदित्य कुमार आनंद के साथ ही साथ भारत सरकार व यूएनडीपी के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया.

## कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को मिलेगी साइकिल

संवाददाता। रांची

निःशुल्क साइकिल वितरण योजना 'उन्नति का पहिया' के अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों के कक्षा 8 में पढ़ रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल दी जाएगी. वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में रांची जिला में योजना के क्रियान्वयन को लेकर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और सदर प्रखंड के कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. प्रखंड स्तर पर सुव्यवस्थित तरीके से साइकिल वितरण के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और रांची सदर के लिए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है. प्रखंड में निर्धारित क्लस्टर प्वाइंट पर टेक्नीशियन द्वारा पाट्र्स को असेंबल कर साइकिल तैयार की जाएगी. ट्रकों के माध्यम से साइकिल पाट्र्स की आपूर्ति की जानी है. नोडल पदाधिकारियों को व्यवस्थित तरीके से साइकिल वितरित करने का निर्देश दिया गया. डीसी ने डिलीवरी प्वाइंट से सभी विद्यालयों के कक्षा-8 के सुयोग्य छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण के लिए समय और तिथि का निर्धारण कर सूचना प्रधानाध्यापक को देने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया. सभी बीडीओ को स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में साइकिल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. जिला के सभी प्रखंड के डिलीवरी प्वाइंट पर साइकिल वितरण की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की जाएगी.

## मां त्रिशक्ति देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव का समापन

संवाददाता। रांची



पूजा के बाद हवन का अत्यधिक महत्व है. इसे शुद्धीकरण का कर्मकांड माना गया है. विद्वानों के अनुसार पूजा-पाठ समेत कोई भी धार्मिक कार्य इसके बिना अधूरा है. आचार्य और पंडित बताते हैं कि हवन के प्रभाव से नकारात्मक और बुरी शक्तियों का प्रभाव समाप्त हो जाता है. इसी भाव से गुरुवार को मां त्रिशक्ति देवी मंदिर, पहाड़ी मंदिर के तीन दिनी वार्षिकोत्सव के समापन मौके पर पूजन-हवन का खास आयोजन किया गया.

दिन के 11 बजे मंदिर के अजीत बाबा और अतुल जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-हवन संपन्न कराया. श्रद्धालुओं ने आहूति अर्पित कर मंगल कामनाएं कीं. इसके बाद वृहत भंडारा चलाया गया. दिन में खिचड़ी भोग और संध्या बेला खीर-पूरी और सब्जी आदि परोसा गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने मां को अर्पित भोग प्रसाद रूप में ग्रहण किया. सुजीत सिंह, निशांत यादव, मुनचुन राय, सुजीत सिंह, अमित अग्रवाल, सुनील वर्णवाल, मनीष केशरी, अर्पित सिंह, गौतम वर्मा, संतोष ठाकुर, चंदन वर्मा, बिट्टू दिव्य, आर्य कुमार, दीपक कुमार, ऋषभ सिंह, रंजन वर्मा आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य रूप से योगदान दिया.

**विरोध** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के नेतृत्व में किया गया प्रदर्शन

# आदिवासी संगठनों ने किया जैक ऑफिस का घेराव

**खास बातें**

- भाजपा पर आदिवासियों की पहचान खत्म करने का आरोप
- आदिवासी समाज को अपनी पहचान खत्म होने की चिंता

संवाददाता ।रांची



अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद एवं समस्त आदिवासी संगठनों के द्वारा गुरुवार को रांची नामकुम स्थित जैक आफिस का घेराव किया गया. इस घेराव के माध्यम से जैक को ज्ञापन सौंपा गया. अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की प्रदेश अध्यक्ष गीताश्री उरांव ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अदर्स/अन्य के कॉलम को हटाया गया. भाजपा और आरएसएस के लोग मूल आदिवासियों को खत्म करना चाहते हैं. धर्म कॉलम से अन्य/अदर्स का कॉलम हटाया जाना मतलब मूल आदिवासी जो प्रकृति पूजक हैं, उनका अस्तित्व और पहचान खत्म कर देना है. देश भर के 15 करोड़ आदिवासी पिछले 70 वर्षों से अलग धर्म कोड/कॉलम की मांग कर रहे हैं, ताकि उन्हें अलग पहचान मिल सके, परंतु भाजपा हम आदिवासियों के साथ भेदभाव की राजनीति कर साजिश के तहत आदिवासियों की अस्मिता को ही मिटाने का काम कर रही है.

जैक द्वारा निर्गत आठवीं कक्षा के आनॅलाइन फार्म जो छात्रों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के तहत परीक्षा फार्म निकाला गया. उन्होंने कहा कि परीक्षा को जल्द से जल्द रद्द किया जाए, अन्यथा राज्यव्यापी आन्दोलन किया जाएगा.

जैक के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे द्वारा केन्द्र को पत्र के द्वारा सूचित कर दिया है. आने वाले समय में अन्य का कॉलम दिया जाएगा. इस धरना प्रदर्शन में विभिन्न आदिवासी संगठनों के अगुवा, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की, संजय कुजूर,सरना प्रार्थना सभा रांची के सोनू खलखो, राज उरांव,दीपू टोप्पो, सुरेन्द्र लिंडा जी, मनीष उरांव, आकाश तिर्की, संदीप तिर्की, राहुल तिर्की, सुशील उरांव, प्रभु कुजूर,भीम उरांव, विजय तिर्की, स्वराज केरकेट्टा, रवि खलखो, अनुज हेमरोम, लकी सिंकु, प्रफुल्ल लिंडा, राहुल मिंज ने अपने अपने विचार रखे एवं सैंकड़ों आदिवासी अगुवागण ने इस घेराव प्रदर्शन में भाग लिया.

## मलखंब प्रतियोगिता के तकनीकी अधिकारी बनाए गए अजय झा

संवाददाता। रांची



रांची के शारीरिक शिक्षक अजय झा को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत मलखंब प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है. मलखंब प्रतियोगिता 18 से 21 फरवरी तक गुवाहाटी में सारूसजाय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित है. इस खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 200 से अधिक खिलाड़ियों सहित 50 प्रशिक्षक, टीम प्रबंधक भाग लेंगे.

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अजय झा झारखंड के पहले तकनीकी अधिकारी हैं, जिन्हें लगातार तीन बार खेलों इंडिया यूथ गेम्स (पंचकूला, हरियाणा उज्जैन , मध्यप्रदेश एवं त्रिचि , तमिलनाडू ), नेशनल गेम्स (अहमदाबाद, गुजरात एवं पणजी, गोवा ) , विश्व मलखंब चैम्पियनशिप (भूटान) व प्रथम नेशनल बीच मलखंब, दीव दमन में अहम् भूमिका निभा चुके हैं. अजय झा झारखंड में मलखंब खेल के संस्थापक, पूर्व महासचिव, मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं वर्तमान में झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव के रूप में दायित्व निर्वाह कर रहे हैं. इन्होंने झारखंड राज्य के सभी जिलों में ग्रामीण, प्रखंड, जिला स्तर पर लगातार मलखंब खेल के तहत पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब, पिरामिड पर खिलाड़ी अपना अदभुत प्रदर्शन कर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त कर लगातार क्वालीफाई कर रहे हैं.

### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का समापन, 30 देशों के स्टेकहोल्डर्स तकनीकी विशेषज्ञता साझा करने पर सहमत

# सामाजिक आकांक्षाओं व आर्थिक विकास के बीच संतुलन जरूरी: अविनाश

संवाददाता। रांची



समावेशी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ जस्ट ट्रांजिशन से संबंधित विविध प्रयासों को एकीकृत व प्रभावी बनाने के आह्वान के साथ सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन फॉर फ्यूचर रेडी झारखंड विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का गुरुवार को समापन हुआ. एनर्जी एवं सस्टनेबिलिटी क्षेत्र से जुड़ी दुनिया भर की प्रभावशाली हस्तियों सहित लगभग 30 देशों के स्टेकहोल्डर्स कांफ्रेंस के जरिये भारत और खासकर झारखंड में जस्ट ट्रांजिशन के प्रयासों में ज्ञान व तकनीकी विशेषज्ञता साझा करने पर सहमत हुए. कांफ्रेस के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने सततशील भविष्य और हरित विकास के लिए एनर्जी ट्रांजिशन को जरूरी बताया. उन्होंने ट्रांजिशन प्रक्रिया में सामाजिक आकांक्षाओं, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन साधने करने पर जोर दिया. वंदना डाडेल ने कहा कि राज्य में पंचायत स्तर से विकेंद्रीकृत योजना, जलवायु परिवर्तन के उपायों में आदिवासी ज्ञान का समावेश, समुदायों और अन्य स्टेकहोल्डर्स के क्षमता वर्धन जैसे कदम सस्टेनेबल ट्रांजिशन को प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे.

कांफ्रेंस में गहन विचार-विमर्श से बाद कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आये. जस्ट ट्रांजिशन के कदमों को गति देने के लिए फाइनांसिंग ढांचा तैयार करने, निवेश एवं इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए समुचित नीतिगत परिवेश तैयार करने के साथ ही साथ स्टेकहोल्डर्स के बीच ज्ञान व साझेदारी को बढ़ावा देने की बात सामने आयी. कार्यक्रम का आयोजन टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन (झारखंड सरकार) द्वारा सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड), यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी-इंडिया) और वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट, इंडिया के सहयोग से किया गया था.

कांफ्रेंस में यूएनडीपी इंडिया, डब्ल्यूआरआई इंडिया, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, कोल इंडिया लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही. इसके साथ ही जीआईजेड-इंडिया, ओपन एनर्जी ट्रांजिशन जर्मनी, इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन, इंटरनेशनल एनर्जी इकॉनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आइफा), आई फॉरेस्ट ग्लोबल, क्लाइमेट ग्रुप, क्लाइमेट पॉलिसी इंस्टीट्यूट, क्लाइमेट बॉन्ड इनिशिएटिव जैसी संस्थाओं के वरीय पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे.

### वरीय डाक अधीक्षक ने सीबीआई जांच के लिए सर्किल हेड को भेजा पत्र

# डाक विभाग के करोड़ों के घोटाले में 70 बैंक खाते फ्रीज

**डाक विभाग की प्रारंभिक जांच में चार के खिलाफ जालसाजी के साक्ष्य**

रिजवान शम्स। धनबाद

डाक विभाग में करोड़ों रुपए की हेराफेरी का एक मामला प्रकाश में आया है. हेराफेरी का संदेह होने पर धनबाद के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने आंतरिक जांच कमेटी बैठाई और घोटाले के साक्ष्य मिलने पर सीबीआई की जांच के लिए पत्र लिखा है. विभागीय सर्किल हेड से अनुमति के बाद मामले को सीबीआई जांच के लिए भेजा जाएगा. फिलहाल घोटाले के संदेहियों के खिलाफ विभाग ने मामूली सख्ती दिखाते हुए उनका स्थानांतरण कर दिया है. साथ ही संबंधित बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया चल रही है, इसके तहत अब तक 70 खातों को फ्रीज किया जा चुका है. इसके अलावा बीस लाख रुपए की रिकवरी भी हो चुकी है.



### ऐसे हुआ घोटाले का खुलासा

घोटाले के बारे में बताया जा रहा है कि अगस्त 2022 में ही इसकी शुरुआत गोविंदपुर में मौजूद केके पालीटेक्निक उपडाक घर में हुई थी. लेकिन जांच में पालीटेक्निक उप डाकघर से लेकर मुख्य डाकघर धनबाद तक इस घोटाले के तार जुड़ने के साक्ष्य मिल गए हैं. बताते हैं कि डाइरेक्टर आफ अकाउंट्स रांची ने इस गड़बड़ी को पकड़ा और फिर मामले को धनबाद वरीय डाक अधीक्षक को भेजा. पाया गया कि सरकारी रकम को निजी खातों में ट्रांसफर किया गया है. एक खाते से दूसरे में, फिर दूसरे से तीसरे में रकम भेजी गई. इस तरह लगभग दो करोड़ रुपये से अधिक के रकम के गबन का साक्ष्य मिल गया है. हालांकि ये रकम प्रारंभिक जांच के बाद का है, सूत्रों की मानें तो ये रकम 10-12 करोड़ के आंकड़े को भी पार सकती है.

### तत्कालीन पोस्टमास्टर पर मास्टरमाइंड होने का संदेह

धनबाद केके पालीटेक्निक उप डाकघर के तत्कालीन पोस्टमास्टर सुमित सौरभ पर इस पूरे प्रकरण में मास्टर माइंड होने का संदेह है. क्योंकि उनके कार्यकाल में ही उक्त गड़बड़ी हुई. तब सरकारी रकम को नए खाते खुलवाकर आइसीआइसीआई, एसबीआई, एक्सिस, एचडीएफसी, बंधन बैंक आदि बैंकों में करोड़ों की राशि भेजकर निकासी भी कर ली गई. मामले के सामने आने के बाद सुमित सौरभ का झरिया उप डाकघर में तबादला कर दिया गया. जबकि इनके साथ चार अन्य कर्मियों की भी मिलीभगत की बात जांच टीम के समक्ष आ चुकी है. इनमें प्रधानडाक घर धनबाद में कार्यरत कुछ आउटसोर्स कर्मी भी हैं. यहां बता दें कि सुमित सौरभ दो साल तक केके पालीटेक्निक उपडाक घर में अकेला कर्मचारी था. वहां उसने अपने खुद के आइडी और मोबाइल नंबर से दर्जनों बैंक खाते खुलवाए थे. कुछ रकम इन खातों में भी जमा होने की बात विभागीय जांच कमेटी के सदस्य बता रहे हैं. इस मामले में पारितोष लकड़ा, शंकर भाटिया और भरत प्रसाद रजक इन ट्रांजेक्शन की खबर होने के बाद भी मौन रहे, इस कारण ये लोग भी जांच के दायरे में आ गए हैं. सुमित सौरभ मंथली रिर्टन की रिपोर्ट में क्रेडिट-डेबिट की रकम में भी अंक या जीरो बढ़ाकर हेरफेर करता था.

### संदेहियों के आईडी-पासवर्ड बंद : एसएसपी



वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि करोड़ों की हेराफेरी हुई है. सीबीआई से जांच को वरीय अधिकारियों को लिखा गया है. फिलहाल तक 70 खाते फ्रीज किए गए हैं और बीस लाख रुपये की रिकवरी हो चुकी है. संदेहियों के खिलाफ जांच जारी है और उनके आइडी-पासवर्ड बंद किए जा चुके हैं. फिलहाल रकम की रिकवरी पर विभाग केंद्रित है.

### बचरा साइडिंग के मजदूरों की हड़ताल आज से शुरू

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार से हड़ताल पर जाएंगे. हड़ताल से पूर्व गुरुवार को सभी असंगठित मजदूरों ने बचरा साइडिंग में बैठक कर विरोध प्रदर्शन किया. इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि बचरा साइडिंग में कार्यरत ऑपरेटर, मुंशी, लेबलिंग, मजदूर एवं हेल्पर सभी हड़ताल पर रहेंगे. बैठक में चमन महतो, मुंशी महतो, भोला महतो, बिजली महतो, दिलीप चौधरी, लटन महतो, सुरेश गोप, टीकू कुमार, विशेश्वर गंझु, मनकु महतो, कोलेश्वर ठाकुर, जयशंकर चौधरी, जितेंद्र महतो, कमला महतो, बुटन महतो, चिंतामणि महतो, कैलाश उरांव, शंकर महतो आदि मौजूद थे.

### हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा ने झोंकी पूरी ताकत

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना, पिपरवार पीट ऑफिस और सीएचपी/सीपीपी परियोजना मे संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गेट मीटिंग की गई. इस दौरान शुक्रवार को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को पिपरवार में सफल बनाने की अपील की गई. बैठक में मुख्य रूप से सीटू के इस्लाम अंसारी एवं एटक के अरविंद शर्मा उपस्थित थे. इस्लाम अंसारी ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा मजदूर और किसान विरोधी कानून बनाकर भारत सरकार पूंजीपतियों को इस देश के सभी कल कारखाने बेच रही है. बैठक में धनेश्वर गंझु, मो. रहमतुल्लाह, रियाज अंसारी, रामू गोप, बिजेंद्र सिंह, मो. जुल्फान, नुरुल हुदा, सेवक गंझु, मुन्ना ठाकुर, रवींद्र कुमार सहित सैकड़ों मजदूर मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### अबुआ आवास चयन में भारी गड़बड़ी का आरोप

**मांडर।** थाना क्षेत्र के झीझरी पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार के दोपहर प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया. ग्रामीणों का कहना था कि पंचायत में अबुवा आवास के चयन में लाभुकों की सूची में भारी अनियमिता बरती गई है. वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि पंचायत की ओर से 752 लोगों का चयन किया गया था, जिसमें से 50 से 52 योग्य लोगों की सूची प्रखंड मुख्यालय को उपलब्ध कराई गई थी, पर उस सूची को ही बदल दिया गया है. साथ ही मुखिया को पंचायत में जियो टैगिंग की तारीख की जानकारी नहीं दी.

### अंचल में भ्रष्टाचार पर झामुमो ने ज्ञापन सौंपा

**कांके।** अंचल मे व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर समार्हता से मिल कर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया है कि अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति नगण्य है. ऐसे में दूर-दराज क्षेत्र से आये सैकड़ों रैयतों को बिना कार्य कराए घर लौटना पड़ता है. वहीं अंचल में दाखिल खारिज, ऑनलाइन सुधार, रजिस्ट्री परमिशन आदि कार्य बिना चढ़ावा के नहीं होता है. अंचल में दलाली प्रथा और बढ़ गयी है, जिस पर कारवाई होनी चाहिए.

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**पिपरवार।** राय चौक से बचरा इंडियन आयल पेट्रोल पंप तक जर्जर सड़क के पुर्ननिर्माण और और नाली निर्माण की मांग को लेकर भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृव में रांची सांसद संजय सेठ द्वारा अनुशंसित ज्ञापन पिपरवार महाप्रबंधक को सौंपा गया. मांग पत्र सौंपे जाने के दौरान खलारी प्रखंड सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, ओबीसी मोर्चा महामंत्री रितेश केशरी मुख्य रूप से शामिल थे.

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बाघवार एकेडमी के बच्चे सम्मानित



संवाददाता। चान्हो

बाघवार एकेडमी के प्रांगण में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित इस परीक्षा में कक्षा 5 से 11वीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था. कक्षा 5 की छात्रा लक्ष्मी प्रिया, आयुषी साहू तथा मीठी कुमारी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया. कक्षा 6 के अर्पित कुमार यादव ने प्रथम, मो. सुफियान तथा उमर राजा ने द्वितीय तथा अभिषेक कुमार साहू एवं अभय माली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. कक्षा 7 के अंकित गुप्ता प्रथम, हर्ष राज द्वितीय तथा महिमा कुमारी व सृष्टि रानी तीसरे स्थान पर रहे. कक्षा 8 के सत्यम तिवारी प्रथम, सुभाषित मुखर्जी व अमन कुमार साहू द्वितीय तथा अमन उरांव व सत्यम कुमार गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. कक्षा 9 की बुलबुल रानी प्रथम, रेशमा कुजूर द्वितीय तथा सावित्री उरांव एवं रोशन कुमार ने तृतीय तथा कक्षा 10 के प्रणव कुमार दुबे प्रथम, श्रीकांत कुमार गोप, अनुपम कुमार सिंह व आर्यन राज सोनी द्वितीय तथा मनीष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

# घूरती मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न

संवाददाता। सोनाहातू



झारखंड के पंचपरगना का प्रसिद्ध सतीघाट का घूरती मेला गुरुवार को उल्लास के साथ संपन्न हो गया. मेले में काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी. मेले में वक्ताओं ने कहा कि हमें अपनी लोक सांस्कृतिक विरासत को बचाने की जरूरत है. मेला से हमें आपसी तालमेल को मजबूत बनाने का संदेश देता है. हमें अपनी सांस्कृतिक और परंपरा की रक्षा स्वंय करनी होगी. बच्चों ने मेले परिसर में लगे झूले,आदि का आनंद लिया. वहीं महिलाओं ने घरेलू समानों की खरीदारी की. मेला में पारंपरिक हथियार, कृषि उपकरण, घरेलू सामान, ढोल नगाड़े, ईख, खिलौने आदि की खूब बिक्री हुई. महिलाओं एवं बच्चों ने चाट, गुपचुप, चाउमीन, बादाम, मटर आदि का आनंद लिया.

**सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहा पुलिस-प्रशासन :** सतीघाट टुसु मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया. सिल्ली-रंगामाटी सड़क के दोनों किनारे से लेकर सतीघाट मेला तक पुलिस बल तैनात दिखी. इसके साथ पुलिस की गश्ती भी जारी रही. मेला परिसर में भी पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी. चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की पैनी नजर रही. मेला को सफल बनाने में समाजसेवी धनपति महतो, मेला समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह मुंडा, अशोक महतो, गौतम सिंह देव, माधव सिंह मुंडा,महानंद पुरान, विरिंचि पुरान, जयप्रकाश सिंह मुंडा, भोलेश्वर सिंह मुंडा, गंगाधर महतो, रविंद्र नाथ महतो, शिशुपाल महतो, चंद्र शेखर महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

**खास बातें**

- मेला में लोक सांस्कृतिक विरासत को बचाने पर जोर
- बच्चों व महिलाओं ने चाट-गोलगप्पे का लिया आनंद

### विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों में दिखा उल्लास, आपस में एक-दूसरे को गुलाल लगाया

# शोभायात्रा निकाल मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन

संवाददाता। लापुंग



प्रखंड के लापुंग, ककरिया, दोलैचा, लेटे, चंपाडीह, सरसा सहित विभिन्न गांवों के शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का भक्तिभाव से विसर्जन शोभायात्रा निकाल कर विभिन्न तालाबों एवं नदियों में विसर्जन किया गया. ककरिया के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल ककरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, हाई स्कूल दोलैचा सहित विभिन्न स्कूलों में स्थापित विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां शारदे को नाचते गाते, संगीत के धुनों के बीच एक दूसरे को गुलाल लगाकर मां शारदे को नम आंखों से विदाई दी.

इस मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के प्रधान शिक्षक प्रकाश उरांव, सूरज प्रसाद सिंह, कालीचरण चौधरी, समीउल्लाह हक, महावीर राम, डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल ककरिया के निदेशक प्रवीण कुमार, प्राचार्य विनीता देवी, विपिन कुमार, दोलैचा हाई स्कूल के जनक साहु, संदीप साहु, सोनी जयसवाल, हरख साहु, नरेश साहु, छोटेलाल बरला राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा के उपेंद्र सिंह, कलावती देवी, दुर्गा साहु, अकमरोमा के हफिन्द्र प्रधान, हाई स्कूल सरसा के बहादुर उरांव ने अपने मार्गदर्शन में प्रतिमाओं का विसर्जन कराया. इस मौके पर अमित राम, स्वीटी कुमारी, जया कुमारी, अंकित कुमार सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

दूसरी ओर नवयुवक संघ हैप्पी क्लब सरस्वती पूजा समिति बस स्टैंड दोलैंचा लापुंग में पूजा को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित साहु कोषाध्यक्ष गौतम साहु सचिव गणेश साहु, पूजा समिति के सदस्य सोनू साहु, मदन साहु, शुभम साहु, तुलसी साहु, मुगुल साहु, जटू साहु, नितेश साहु, प्रिंस साहु, कृष्ण साहु, कार्तिक साहु, प्रहलाद साहु, छोटू साहु, राहुल सिंह, अमित सिंह, बलराम साहु, सीताराम साहु, अखिलेश्वर साहु, ब्रह्मदेव साहु, विभाष साहु, नितेश ठाकुर, विकाश साहु, रोशन साहु, मनोज साहु, रवि साहु ने पूजा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. सार्वजनिक पूजा के पंडालों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा.

**खास बातें**

- संगीत की धुनों पर नाचते गाते निकली विसर्जन शोभायात्रा
- भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर नम आंखों से दी गई विदाई

## न्यूज अपडेट

### योग्य लाभुकों को मिले अबुआ आवास का लाभ



**कांके।** प्रखंड के इचापीड़ी पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को रांची उपायुक्त और कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा है. पत्र में कहा गया है कि सरकार के निर्देशानुसार इचापीड़ी पंचायत के ग्रामीण, मुखिया, उप मुखिया, सभी वार्ड सदस्य एवं ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में ग्राम सभा के द्वारा अबुआ आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन किया गया था. लेकिन, प्रखंड कार्यालय के द्वारा जारी अंतिम सूची में अयोग्य लाभुकों का नाम दिया गया है. मांग की गई कि योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिया जाए. मांग पत्र सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुखिया लाखो उरांव, उप मुखिया मो. गुफरान, ग्राम प्रधान लाउडा उरांव, वार्ड सदस्य पंचम उरांव, गुलनाज परवीन, रूपा कुमारी, निकहत परवीन, निगार परवीन, रुमंती देवी, नासरीन परवीन, कविता कुमारी शामिल थे.

### प्राकृतिक आपदा से कई घर क्षतिग्रस्त, लोग बेघर



**नामकुम।** प्रखंड क्षेत्र में बीती शाम तेज आंधी के साथ अचानक हुई बारिश से कई किसानों के फसल बर्बाद हो गए. वहीं, कई लोगों का घर आंशिक, तो कइयों का पूरा घर ध्वस्त हो गया. प्रखंड के खिजरी पंचायत के तुम्बागुटू करमटोली में सुनीता टोप्पो, दया नायक, बुधुवा नायक, बसंती देवी, बतिया मिंज का घर क्षतिग्रस्त हो गया. इनमें सुनीता टोप्पो और दया नायक का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. सूचना मिलने पर आरती कुजूर, मुखिया करमेला कच्छप, पंचायत समिति सदस्य आशा देवी, वार्ड सदस्य पार्वती देवी पहुंचे. कुजूर ने अंचल अधिकारी व अंचल निरीक्षक को जानकारी देकर पीड़ितों के रहने-खाने की अविलंब व्यवस्था करने की मांग की है.

### सकारात्मकता से हर जंग जीतना संभव : चौहान



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर में गुरुवार को खुशी क्लास का आयोजन हुआ. वार्डन चंद्रिका कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि खुशी व सकारात्मकता में इतनी ताकत है कि यह आपको हर झंझावतों से उबार कर मंजिल तक पहुंचा देगी. चौहान ने सकारात्मकता को स्थापित करती एक कहानी भी सुनाई. अंत में लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

### करम सिंह व सुरेंद्र नाथ स्मृति मेला का समापन



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के लोटा गाढ़ा पार गांव में मां वीणा पानी क्लब के तत्वावधान में गुरुवार को करम सिंह व सुरेंद्र नाथ स्मृति मेला का आयोजन किया गया. मेले में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, तृलोचन महतो आदि शामिल हुए. सभी ने स्व. करम सिंह व स्व. सुरेंद्र नाथ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. मेले में मुर्गा लड़ाई, छऊ नृत्य, झुमर संगीत समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जयपाल सिंह ने कहा कि हमारे संस्कृति को बचाए रखने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक है. उन्होंने आयोजन समिति के कार्यों की सराहना की. मौके पर स्व. करम सिंह महतो की पत्नी पूनी देवी, स्व. सुरेंद्र नाथ महतो की पत्नी शुकुरमनी देवी, शिवप्रसाद मंडल, उपेंद्र नाथ महतो, बुधराम महतो, मनोज कुमार महतो समेत कई गणमान्य उपस्थित थे.

### विकास के लिए बेहतर समन्वय जरूरी : बीडीओ



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में पंचायत समिति की एक विशेष बैठक हुई. इस दौरान विभिन्न विभागों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागवार समीक्षा की गई. बैठक में कई विभाग के प्रतिनिधि अनुपस्थित पाए गए. उनसे स्पष्टीकरण पूछा जाएगा. वहीं, उनकी अनुपस्थिति की सूचना जिला को प्रेषित की जाएगी. प्रमुख विनीता कच्छप व उप प्रमुख मोदस्सिर हक नेने कहा कि विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए यह जरूरी है कि सभी विभाग एवं उनसे संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निर्वहन करें. बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि प्रखंड को विकसित प्रखंड बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा पंचायत के प्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत है.

### धूमधाम से मना माउंट हेरा स्कूल का वार्षिकोत्सव



**ओरमांझी।** इरबा स्थित माउंट हेरा स्कूल में नौवा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस उत्सव में विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य व विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे. सभी अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के सचिव अंजुम परवीन ने बुके व शॉल और मोमेंटो देकर किया स्वागत किया. कार्यक्रम के बाद तिलवाते कुरान से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. अपने संबोधन में सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में यह स्कूल एक मील का पत्थर साबित होगा. वहीं विधायक राजेश कच्छप ने ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम से बेहतर शिक्षा देने के लिए स्कूल प्रबंधन के सचिव और शिक्षकों की सराहना की.

### चैलेंजर स्पॉट खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



**अनगड़ा।** लुपूंग स्टेडियम में आरएएम एकेडमी के तत्वावधान में चैलेंजर स्पॉट टूर्नामेंट का रंगारंग शुभारंभ हुआ. एकेडमी के द्वारा क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी व बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है. प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों व मीडिया को भी टीम के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया गया है. प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र में अलग उत्साह देखा जा रहा है. प्रतियोगिता का पहला मैच लुपुंग बनाम सूपा, दूसरा आजसू बनाम कांग्रेस व तीसरा मैच मीडिया बनाम भाजपा के बीच खेला गया. इसमें कांग्रेस व मीडिया की टीम फाइनल में पहुंची.

### ठाकुर महतो चौक पर गुनगुन बेकरी का उद्घाटन



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पेट्रोल पंप स्थित ठाकुर महतो चौक में गुरुवार को गुनगुन बेकरी एंड स्वीट्स का उद्घाटन किया गया. दुकान के संचालक रघुवीर केसरी की पुत्री गुनगुन केसरी ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया. इस संबंध मे संचालक निखिल केसरी ने बताया कि पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में इस तरह के दुकान खुलने से यहां के लोगों को बेहतर एवं स्वादिष्ट मिठाई, केक, नमकीन सहित अन्य सामग्री मिलेगी. उन्होंने कहा कि इससे पूर्व एक ब्रांच खलारी के डकरा में चल रहा है. उद्घाटन के बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

